Today Event

आईआईएम, रांची का 10वां फाउंडेशन डे आज आर्यभट्ट में

रांची | आईआईएम रांची का 10वां फाउंडेशन डे आज मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में शाम 6.30 बजे से होगा। देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी इसके मुख्य अतिथि होंगे। आईआईएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रवीण शंकर पांड्या, डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र सिंह भी उपस्थित होंगे। पिछले 10 वर्षों में इस संस्थान से कई ऐसे स्टूडेंट्स निकले हैं, जो आज देश में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। झारखंड सरकार के एनर्जी डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी नितिन मदन कुलकर्णी हैं। वे वर्ष 2015-17 बैच से हैं। कई ऐसे स्टूडेंट्स हैं, जिन्होंने स्टार्ट-अप के क्षेत्र में पहचान बनाई है। 2014-2016 बैच के अमित मनोहर निवा डेयरी प्रोडक्ट के को-फाउंडर हैं। इसे मोमेंटम झारखंड के तहत सेट-अप होने वाली पहली फूड प्रोसेसिंग यूनिट का दर्जा मिला। इस अवसर पर आईआईएम के कई एक्स स्टूडेंट्स शामिल होंगे।

Dainik Bhaskar, 15.12.2018, Pg. 1